

# 2027-28 EAP सपोर्ट ग्रांट दिशानिर्देश

## परिचय

ईस्टसाइड आर्ट्स पार्टनरशिप (Eastside Arts Partnership (EAP)) ग्रांट East King County के गैर-लाभकारी संगठनों को संचालन संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ये संगठन Bellevue, Washington के निवासियों और आगंतुकों के लिए हर साल कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

आवेदक अधिकतम $15,000 तक की राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले गैर-लाभकारी संगठन Eastside क्षेत्र में स्थित होने चाहिए, उनके पास 501(c)(3) (501(c)(3) टैक्स-छूट प्राप्त गैर-लाभकारी संस्था का दर्जा होना चाहिए और वे आम जनता के लिए खुले कार्यक्रम आयोजित करते हों।

## अतिरिक्त ग्रांट का अवसर

EAP ग्रांट के लिए आवेदन करते समय, आवेदक **PowerUp for Equal Access (समान पहुंच के लिए पावरअप) नामक अतिरिक्त $5,000 बोनस के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।** इस अवसर का उद्देश्य कम सेवाएं प्राप्त करने वाले समुदायों के लिए कला और संस्कृति से जुड़ी कमियों को दूर करना है।

## ऑनलाइन आवेदन करें

सभी आवेदन Submittable के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाते हैं: **bellevuearts.submittable.com/submit**

ग्रांट्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, शहर के Arts Grants webpage (आर्ट्स ग्रांट्स वेबपेज) पर जाएं। **BellevueWA.gov/artsgrants**

**अंतिम तारीख**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 10 अक्टूबर, 2026**

## कार्यक्रम संपर्क

इस कार्यक्रम का संचालन City of Bellevue Arts & Culture Program (सिटी ऑफ Bellevue आर्ट्स एंड कल्चर प्रोग्राम) द्वारा किया जाता है। कृपया अपने सभी प्रश्न यहां भेजें:

**Manette Stamm, आर्ट्स प्रोग्राम विश्लेषक**
(425) 452-4064 या **mstamm@bellevuewa.gov**

# कार्यक्रम का परिचय

Bellevue की Eastside Arts Partnership (EAP) (ईस्टसाइड आर्ट्स पार्टनरशिप (EAP)) Support Grants हमारे समुदाय में एक महत्वपूर्ण निवेश हैं। इन फंड्स का महत्व सिर्फ कला के अपने मूल्य तक सीमित नहीं है। ये हमारे निवासियों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने, बच्चों की शिक्षा और विकास को बढ़ावा देने, स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने और समुदाय से जुड़ाव की भावना को मजबूत करने में भी योगदान देते हैं।

## ग्रांट का अनुरोध

योग्य आवेदक हर साल अधिकतम $15,000 तक की राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते यह संगठन के वार्षिक बजट के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।

EAP Support Grants के तहत **दो वर्षों के लिए संचालन संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।** अगर ग्रांट स्वीकृत होती है तो पहले साल में मिली राशि दूसरे साल भी दी जाएगी, बशर्ते संगठन अपनी सेवाओं का वही स्तर और गैर-लाभकारी दर्जा बनाए रखे। उदाहरण के लिए, यदि किसी संगठन को 2027 में $5,000 की ग्रांट मिलती है, तो उसे 2028 में भी $5,000 मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

## सार्वजनिक फंडिंग के लिए सार्वजनिक लाभ ज़रूरी है

Washington के कानून के अनुसार, सार्वजनिक फंडिंग प्राप्त करने वाले व्यक्तियों या संगठनों को जनता के लिए लाभ सुनिश्चित करना ज़रूरी है। सार्वजनिक लाभ के कुछ उदाहरण:

- सार्वजनिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं, फ़िल्म प्रदर्शन या पढ़ने के कार्यक्रमों के लिए मुफ्त या रियायती टिकट।
- नियमित शुल्क वाले कला शिक्षा या प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए मुफ्त छात्रवृत्तियां।
- कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के लिए कला और संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने वाली सुविधाएं या सेवाएं उपलब्ध कराना।
- मुफ्त, इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध सामग्री, जैसे साहित्यिक प्रकाशन तथा ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग।

# अतिरिक्त ग्रांट का अवसर

## समान पहुंच के लिए पावरअप

EAP Support Grant के लिए आवेदन करते समय, आवेदक समान पहुंच के लिए पावरअप बोनस ग्रांट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यह ग्रांट योग्य आवेदकों को $5,000 की निश्चित राशि के रूप में दी जाती है। इस अवसर का उद्देश्य कम सेवाएं प्राप्त करने वाले समुदायों के लिए कला और संस्कृति से जुड़ी कमियों को दूर करना है। इसका आवेदन संक्षिप्त है, और जिन आवेदकों को पहले PowerUp ग्रांट मिल चुकी है, वे भी इसके लिए योग्य हैं। यह बोनस सिर्फ EAP ग्रांट प्राप्त करने के पहले वर्ष में ही उपलब्ध होता है।

कम सेवाएं प्राप्त करने वाला समुदाय क्या है? कम सेवाएं प्राप्त करने वाले समुदाय वे हैं, जिनके लिए कला का अनुभव करने के अवसर भौगोलिक स्थिति, जातीयता, लिंग या लैंगिक पहचान, आर्थिक स्थिति, आयु या विकलांगता के कारण सीमित होते हैं। यह सूची केवल उदाहरण है, इससे अन्य समुदाय बाहर नहीं होते। हम आवेदकों का स्वागत करते हैं कि वे अपने समुदाय में कम सेवाएं मिलने की स्थिति को स्वयं भी परिभाषित करें।

संगठन किसी विशेष समुदाय या समूह तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, लेकिन वे राष्ट्रीय नागरिक अधिकार कानूनों और भेदभाव-निषेध नीतियों के अनुसार किसी को बाहर नहीं रख सकते। यह नियम कर्मचारियों की भर्ती और प्रतिभागियों की भागीदारी, दोनों पर लागू होता है।

# आवेदक की योग्यता

## कौन आवेदन कर सकता है?

- 501(c)(3) (501(c)(3) टैक्स-छूट प्राप्त गैर-लाभकारी संस्था का दर्जा) वाले गैर-लाभकारी कला और सांस्कृतिक संगठन, जिनका मुख्य उद्देश्य कला से जुड़ा हो या जिनके पास NTEE Code (National Taxonomy of Exempt Entities (NTEE) Code / नेशनल टैक्सोनॉमी ऑफ एग्ज़ेम्प्ट एंटिटीज़ कोड) के Arts, Cultural and Humanities Category (कला, संस्कृति और मानविकी श्रेणी) का कोड हो।
- ऐसा संगठन जो कम से कम एक सांस्कृतिक कार्यक्रम या सेवा आम जनता के लिए उपलब्ध कराता हो और Bellevue के निवासियों की सेवा करता हो।
- संगठन Eastside क्षेत्र में स्थित हो और उसके अधिकतर कार्यक्रम King County के Eastside क्षेत्र (Bellevue, Bothell, Duvall, Issaquah, Kirkland, Mercer Island, Newcastle, North Bend, Redmond, Renton, Sammamish और Woodinville) में आयोजित होते हों।
- संगठन ने गैर-लाभकारी संस्था के रूप में लगातार कम से कम 2 साल (2025–26) तक काम किया हो।

## कौन आवेदन नहीं कर सकता?

- ऐसे व्यक्ति या संगठन जिनके पास Internal Revenue Service (IRS) ( इंटरनल रेवेन्यू सर्विस) का आधिकारिक 501(c)(3) दर्जा नहीं है।
- ऐसे व्यक्ति या संगठन जो प्रोजेक्ट ग्रांट्स के लिए आवेदन कर रहे हैं।
- चर्च, स्कूल और/या धार्मिक संगठन, जहां शहर की फंडिंग का इस्तेमाल धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।
- ऐसे समूह जो आयु, नस्ल, लिंग, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, यौन अभिरुचि, विकलांगता या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव करते हैं।
- ऐसे समूह जिनका वर्तमान में शहर के साथ कोई कानूनी मामला चल रहा है।
- राजनीतिक अभियान या राजनीतिक दल।
- शहर के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संघ ।

# योग्य इस्तेमाल

## समर्थित इस्तेमाल

- संगठन की ऐसी सेवाएं और कार्यक्रम जो आम जनता के लिए खुले हों।
- आम जनता के लिए उपलब्ध सेवाओं और कार्यक्रमों के संचालन में लगने वाला कर्मचारियों का समय और संचालन संबंधी खर्च।

## असमर्थित इस्तेमाल

- राजनीतिक कार्यक्रम, जिनमें किसी उम्मीदवार या नीति का समर्थन शामिल हो।
- धार्मिक, चर्च या संप्रदाय से जुड़े कार्यक्रम, जिनका उद्देश्य धर्म का प्रचार करना हो।
- धन जुटाने वाले कार्यक्रम, जैसे गाला (विशेष धन-संग्रह समारोह)।
- ऐसी वस्तुएं या खर्च जिनका भुगतान City of Bellevue Expense policies (सिटी ऑफ Bellevue व्यय नीतियां) के अनुसार नहीं किया जा सकता, जैसे शराब, धर्मार्थ दान और व्यक्तिगत इस्तेमाल की वस्तुएं।

# आवेदन प्रक्रिया

आवेदनों की समीक्षा दिशानिर्देशों में दिए गए योग्यता और मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से की जाती है। अंतिम तारीख के बाद जमा किए गए अधूरे आवेदनों की समीक्षा नहीं की जा सकती।

## आवेदन कैसे करें और आगे क्या होगा

1. अगर आपके या आपके संगठन का Submittable पर पहले से खाता नहीं है, तो एक खाता बनाएं।* मुख्य आवेदक एक ही आवेदन पर साथ मिलकर काम करने के लिए कई खातों को आमंत्रित कर सकता है।
2. **योग्यता फ़ॉर्म** पूरा करें। अगर आप योग्य पाए जाते हैं तो आप आवेदन के अगले चरण में जा सकेंगे। जो संगठन पात्र नहीं माने जाते, वे चाहें तो प्रोजेक्ट ग्रांट के लिए आवेदन कर सकते हैं।
3. अपने आवेदन के साथ संलग्न करने के लिए निम्नलिखित सामग्री तैयार रखें:
    - **दो काम के नमूने** इसमें वार्षिक रिपोर्ट, वर्तमान या सबसे हाल का कार्यक्रम ब्रोशर और प्रचार संबंधी फ़ोटो या वीडियो शामिल हो सकते हैं।
    - **प्रोजेक्ट का अनुमानित बजट**
    - **सबसे हाल का IRS Form 990 या 990 EZ**
4. अंतिम तारीख तक **अपना आवेदन ऑनलाइन पूरा करें।** अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
5. आवंटन समिति की समीक्षा और Bellevue Arts Commission (Bellevue आर्ट्स कमीशन) की मंज़ूरी के बाद अवॉर्ड की घोषणा की जाएगी।
6. **आवेदकों को अंतिम तारीख तक पुरस्कार स्वीकार करना होगा** और पुरस्कार से जुड़ी शर्तों से सहमत होना होगा।
7. आवेदक पोस्ट-ग्रांट रिपोर्ट जमा करके फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं। यह रिपोर्ट देना ज़रूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके संगठन ने वे वार्षिक कार्यक्रम, आयोजन या कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिन्हें Bellevue सिटी काउंसिल ने समर्थन देने की मंज़ूरी दी थी। रिपोर्ट जमा करने के लगभग एक महीने बाद भुगतान मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

*अगर आपके पास कंप्यूटर या इंटरनेट की सुविधा नहीं है तो कृपया कार्यक्रम प्रशासक से संपर्क करें।

# आवेदन की समय-सारिणी

| | |
|---|---|
| **10 अक्टूबर** | **आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: रात 11:59 बजे** |
| अक्टूबर | आवंटन समिति द्वारा समीक्षा |
| नवंबर | आर्ट्स कमीशन द्वारा समीक्षा |
| नवंबर / दिसंबर | सिटी काउंसिल द्वारा समीक्षा |
| दिसंबर | पुरस्कारों की घोषणा |
| **10 जनवरी, 2027** | **पुरस्कार स्वीकार करने की अंतिम तारीख: रात 11:59 बजे** |
| **30 नवंबर** | **पोस्ट-ग्रांट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख: रात 11:59 बजे** |

शहर को इस समय-सारिणी में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

# मूल्यांकन मानदंड

फंडिंग की राशि आवंटन समिति की सिफारिशों के आधारपर तय की जाती है। इन सिफारिशों का समर्थन आर्ट्स कमीशन द्वारा किया जाता है और अंतिम स्वीकृति  सिटी काउंसिल द्वारा दी जाती है। आवेदनों की समीक्षा प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर की जाती है। इसमें कार्यक्रम के समग्र उद्देश्य और योग्य संगठनों के लिए निर्धारित मानदंडों को ध्यान में रखा जाता है। Bellevue में स्थित संगठनों को फंडिंग देने में प्राथमिकता दी जाएगी।

## रचनात्मक सहभागिता

- संगठन के वर्तमान और प्रस्तावित कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े कार्यक्रमों और सेवाओं की गुणवत्ता व प्रभावशीलता, जो प्रतिभागियों और संबंधित समुदायों की सांस्कृतिक ज़रूरतों को पूरा करती हो।
- Bellevue के विविध निवासियों और आगंतुकों की रचनात्मक और सामुदायिक भागीदारी का स्तर।
- कार्यरत कलाकारों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के लिए सार्थक रचनात्मक और सामुदायिक भागीदारी के अवसर।
- Bellevue के निवासियों और आगंतुकों के लिए उपलब्ध कला के विभिन्न रूपों, रचनात्मक अनुभवों और सांस्कृतिक संसाधनों का विस्तार।

## सार्वजनिक पहुंच और लाभ

- Bellevue के निवासियों और आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले सार्वजनिक लाभों की गुणवत्ता और उनका दायरा।
- कम सेवाएं प्राप्त करने वाले समूहों के लिए सांस्कृतिक अवसरों तक महत्वपूर्ण पहुंच उपलब्ध कराना, या यह दिखाना कि कम सेवाएँ प्राप्त करने वाले लोगों और समुदायों की पहुंच में सुधार हुआ है।
- नए और कम सेवाएं प्राप्त करने वाले समुदायों, विशेष रूप से उन लोगों तक जो घर पर अंग्रेज़ी के अलावा कोई अन्य भाषा बोलते हैं, समावेशी संचार पहुंचाने के प्रयास और उसके प्रमाण।

## संगठन की क्षमता और स्थिरता

- संगठन की वित्तीय क्षमता और स्थिरता का प्रमाण।
- संगठन के प्रबंधन और प्रशासन की मज़बूती।

# पुरस्कार की शर्तें

फंड प्राप्त करने वाले संगठनों को नीचे दी गई शर्तों का पालन करना होगा।

## आभार

City of Bellevue से फंड प्राप्त करने वाले संगठनों को कम से कम मुद्रित कार्यक्रमों, जनता के लिए लगाए गए सूचना-पट्टों (साइनेज) और फंड प्राप्त गतिविधियों से संबंधित डिजिटल मीडिया में इस सहयोग का उल्लेख करना होगा। इससे फंडिंग की निरंतरता और उसमें बढ़ोतरी बनाए रखने में मदद मिलती है और Bellevue के निवासियों को यह जानकारी मिलती है कि उनके टैक्स का इस्तेमाल उनके समुदाय में कला को समर्थन देने के लिए कैसे किया जा रहा है।

## कार्य का दायरा

फंड प्राप्त करने वाले यह स्वीकार करते हैं कि यह आवेदन इस बात का विवरण है कि प्राप्त राशि का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाएगा।

## स्थल पर समीक्षा

आर्ट्स कमीशन किसी कार्यक्रम की स्थल पर समीक्षा और संगठन के मूल्यांकन के लिए कार्यक्रम के टिकटों का अनुरोध कर सकता है।

## सार्वजनिक लाभ

ग्रांट प्राप्त करने वाले यह समझते हैं कि Washington राज्य के सार्वजनिक धन संबंधी नियमों को पूरा करने के लिए हर साल कम से कम एक कार्यक्रम, आयोजन या सेवा आम जनता के लिए (प्रत्यक्ष रूप से या वर्चुअल रूप में) खुली होनी चाहिए। सार्वजनिक लाभ के बारे में अधिक जानकारी के लिए पिछले पन्ने देखें।

## अंतिम रिपोर्ट

फंडिंग प्राप्त करने के लिए साल के अंत में अंतिम रिपोर्ट जमा करना ज़रूरी होगा। यह रिपोर्ट फ़ॉर्म Submittable पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

CULTURE
KING COUNTY LODGING TAX

City of Bellevue इस फंडिंग कार्यक्रम के लिए 4Culture और King County Hotel Lodging Tax (किंग काउंटी होटल लॉजिंग टैक्स) के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

CDD-26-82282-HI

दूसरे फ़ॉर्मैट्स, दुभाषियों, या उचित संशोधन अनुरोधों के लिए कृपया कम से कम 48 घंटे पहले 425-452-4064 (वॉइस) या ईमेल mstamm@bellevuewa.gov पर फ़ोन करें। संशोधनों से संबंधित शिकायतों के लिए, Bellevue ADA शहर, टाइटल VI और समान अवसर अधिकारी से ADATitleVI@bellevuewa.gov पर संपर्क करें।